# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.11.2024 (संध्या 1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए कल सवेरे आठ बजे से शुरु होगी मतगणना, दिन के साढ़े नौ बजे आयेगा शुरुआती रुझान।**

2. **सभी चौबीस जिलों में शांतिपूर्ण मतगणना के लिए सुरक्षा के किए गए व्यापक इंतजाम, मतगणना केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की नहीं होगी अनुमति।**
3. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चम्पाई सोरेन और कई मंत्रियों समेत 1 हजार 2 सौ 11 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का होगा फैसला।**
4. **एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ने 50 से अधिक सीटें जीतने का किया दावा।**
5. **ईडी ने घुसपैठ मामले में गिरफ्तार दो बांग्लादेशी नागरिकों सहित चार आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में किया पेश, भेजा गया जेल।**

********************

राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए कल होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। वोटों की गिनती सवेरे आठ बजे से शुरु होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी और उसके बाद साढ़े आठ बजे से इवीएम के मतों की गिनती की जायेगी। उन्होंने बताया कि सवेरे साढ़े नौ बजे से रुझान आने शुरू हो जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को चुनाव आय़ोग द्वारा जारी एसओपी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया के मतगणना केंद्र में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को ले जाने की इजाजत नहीं होगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी चौबीस जिला मुख्यालयों में बनाए गए मतगणना केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

********************

रांची जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों रांची, हटिया, कांके, खिजरी, मांडर, सिल्ली और तमाड विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती कृषि बाजार समिति पंडरा में होगी। चुनाव आयोग और जिला प्रशासन द्वारा मतगणना को लेकर अंतिम तैयारी पूरी कर ली गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

उधर, गुमला, सिमडेगा, जामताड़ा, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी समेत राज्य के अन्य जिलों में भी मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चम्पाई सोरेन और कई मंत्रियों तथा पूर्व मंत्रियों समेत एक हजार दो सौ ग्यारह प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का कल फैसला होगा। इन प्रत्याशियों में एक सौ अठाईस महिलाएं भी शामिल हैं। इस चुनाव में एनडीए में शामिल भारतीय जनता पार्टी ने अड़सठ, आजसू पार्टी ने दस और लोजपा–आर ने एक प्रत्याशी खड़ा किए हैं, जबकि इंडिया ब्लॉक में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तैंतालीस, कांग्रेस ने तीस, राजद ने छह और सीपीआईएमएल ने तीन उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से चुनाव में अपनी–अपनी जीत के दावे किए जा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दावा किया है कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए 50 सीट से ज्यादा पर जीत दर्ज करेगी।

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने कहा है कि जनता ने राज्य में महागठबंधन की सरकार बनाने का आदेश दिया है।

***************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से कल मतगणना को लेकर जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया गया है। परिचर्चा की शुरुआत सवेरे पौने नौ बजे से होगी जो रांची और दिल्ली से प्रसारित समाचार अवधि को छोड़ कर शाम चार बजे तक जारी रहेगी। कल रांची से प्रसारित होने वाले 10 मिनट के प्रादेशिक समाचारों की अवधि 15 मिनट और 5 मिनट के समाचार की अवधि बढाकर 10 मिनट कर दी गयी है। इसके अलावा विशेष चुनाव बुलेटिन की अवधि भी दो मिनट से बढ़ाकर पांच मिनट कर दी गयी है। रात आठ से साढ़े आठ बजे तक मतगणना पर विशेष जीवंत परिचर्चा भी प्रसारित की जायेगी।

***************

देवघर से बिहार के भागलपुर तक नयी फोरलेन के निर्माण की पहल तेज कर दी गयी है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता।

***************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने पांच दिनों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर आज घुसपैठ मामले में गिरफ्तार दो बांग्लादेशी नागरिकों सहित चार आरोपितों को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में पेश किया। अदालत ने चारों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया। मामले में अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। गौरतलब है कि ईडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में गत 13 नवंबर को कोलकाता से चारों को गिरफ्तार किया था।

***************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिन छात्राओं ने वर्ष 2024 में सीबीएसई बोर्ड से कक्षा 10 उत्तीर्ण की है वे इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है। विवरण, पात्रता शर्तें और ऑनलाइन आवेदन पत्र सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

******समाप्त*******